भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 658

उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2024 (गुरूवार)

19 माघ, 1945 (शक)

प्रश्न

एनईएसआईडीएस-सड़क परियोजना की प्रगति

658. श्री पबित्र मार्गेरिटा:

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एनईएसआईडीएस-सड़क परियोजना की क्या प्रगति है; और

(ख) एनईएसआईडीएस-सड़क अवसंरचना के अलावा (ओटीआरआई) परियोजना की क्या प्रगति है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

[श्री बी. एल. वर्मा]

(क) उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) (सड़कें) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा उत्तर पूर्व सड़क क्षेत्र विकास स्कीम (एनईआरएसडीएस) की पूर्ववर्ती स्कीम और पूर्ववर्ती एनईएसआईडीएस के सड़क घटक को शामिल करके दिनांक 01.04.2022 से शुरु की गई है। एनईएसआईडीएस (सड़कें) के तहत दिनांक 01.04.2022 से कुल 11 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित लागत रु.625.34 करोड़ है। इसके अलावा, पूर्ववर्ती एनईएसआईडीएस और एनईआरएसडीएस स्कीम के तहत एनईएसआईडीएस (सड़कें) की शुरुआत से पहले कुल 77 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, जिनकी कुल अनुमानित लागत 3,525.31 करोड़ रुपये थी। इनमें से 1,206.26 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली 26 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं और कुल 2,319.05 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 51 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ख) एनईएसआईडीएस (सड़क अवसंरचना के अलावा) के तहत 2,354.40 करोड़ रुपये की कुल 100 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 127.95 करोड़ रुपये की 06 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 2,226.45 करोड़ रुपये की 94 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

*****